JANUARY– 2024 (Oct. - Dec. 2023)
Vol. SHQ-BSGUP -011

# BHARAT SCOUT & GUIDE
## UTTAR PRADESH

# "तेजल"
त्रैमासिक पत्रिका



G20
भारत 2023 INDIA



State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
www.bsgup.org

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

!! मुख्य संरक्षक !!



**श्रीमती आनन्दी बेन पटेल**
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

!! उप मुख्य संरक्षक !!



**श्री योगी आदित्यनाथ**
माननीय मुख्यमन्त्री
उत्तर प्रदेश

!! अध्यक्ष !!



**डा० महेन्द्र सिंह**
भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री "जल शक्ति"
उत्तर प्रदेश सरकार

!! मुख्यायुक्त !!



**डॉ० प्रभात कुमार** आई०ए०एस० (से०नि०)
भूतपूर्व अध्यक्ष,
लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH

JANUARY– 2024 (Oct. - Dec. 2023)

Vol. SHQ-BSGUP -011

## संपादक मण्डल

**संरक्षक**

**डॉ० महेन्द्र सिंह**
अध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**मुख्य सम्पादक**

**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**सलाहकार**

**ललिता प्रदीप**
प्रादेशिक आयुक्त (गाइड)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डॉ० राजेश मिश्रा**
प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**आलोक कुमार अग्रवाल**
प्रादेशिक कोषाध्यक्ष
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**सम्पादक**

**आनन्द सिंह रावत**
प्रादेशिक सचिव
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

**डिज़ाइन एवं तकनीक**

**अदनान हाशमी**
सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (आई०टी०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०



**"Leave this world a little better than you found it."**

*- Lord Robert Baden-Powell*

## CONTENTS – अनुक्रमणिका

❖ प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से... - 2
❖ निर्विरोध निर्वाचित : अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रादेशिक मुख्यायुक्त 3
❖ संस्था की उपलब्धियां - 4
❖ प्रादेशिक कार्यक्रम - 12
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत - 14
❖ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज - 15
❖ जनपदीय कार्यक्रम - 16
❖ बी०एस०जी० ज्ञान क्विज़ - 33
❖ आपके पत्र ... - 34



## प्रादेशिक मुख्यायुक्त की कलम से...



**डॉ० प्रभात कुमार IAS (Rtd.)**
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०

प्रिय साथियों,

समस्त स्काउट परिवार को नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ "तेजल" के इस नवीन अंक के माध्यम से नवोन्मेष, नवाचार एवं नव प्रयोगों के साथ उत्तर प्रदेश में स्काउटिंग की नई पारी प्रारंभ करने तथा नवीन आयाम स्थापित करने की रूपरेखा प्रस्तुत है।

स्काउटिंग समाज के किसी एक अंग विभाग, प्रभाग या संभाग से संबंधित कार्यक्रम नहीं है । स्काउटिंग एक ऐसा आंदोलन है जिसकी परिधि में समाज का प्रत्येक व्यक्ति समाहित है । केवल विद्यार्थियों को ही नहीं अपितु समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों, उद्देश्यों एवं क्रियाकलापों से परिचित कराकर अपने-अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत उन्हें लागू करने के लिए तैयार करना, स्काउटिंग के प्रचार-प्रसार और उसके वास्तविक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अति आवश्यक है । तभी स्काउटिंग का यह यज्ञ अपनी पूर्णता को प्राप्त कर सकेगा । विगत वर्षों में स्काउट परिवार के सभी सदस्यों की मेहनत, प्रयासों तथा निष्ठा के फल स्वरुप जिस प्रकार बहुआयामी प्रगति देखने को मिली है, उसका चित्रण इस अंक में किया गया है । साथ ही साथ भविष्य की योजना एवं परियोजनाओं को भी रेखांकित किया गया है जिनके माध्यम से हम स्काउटिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर सकेंगे। एक पवित्र उद्देश्य की पूर्ति में अनेक बाधायें एवं विरोध स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होते हैं किंतु हम सभी को एकजुट होकर उन सभी का मुकाबला करते हुए इस महान कार्य में अपना योगदान करना है ।

*"वह पथ क्या, पथिक कुशलता क्या। जिस पथ में बिखरे शूल न हो ।*
*नाविक की धैर्य कुशलता क्या, यदि धाराएं प्रतिकूल न हो ।*

"स्काउट" होने का अर्थ ही है प्रतिकूल परिस्थितियों में धैर्य पूर्वक अर्जित कौशलों के माध्यम से पथ को सरल बनाना और मानवता की रक्षा, सुरक्षा प्रगति एवं उन्नति के लिए निरंतर कार्यशील रहना ।

प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के एडवेन्चर केन्द्र का निर्माण प्रगति पर है । आशा है कि 2024 के ग्रीष्मावकाश में हमारे युवाओं को इसका लाभ प्राप्त हो सकेगा ।

मैं नव वर्ष में इस अंक के माध्यम से सभी को पुनः शुभकामनाएं देते हुए तेजल की भांति नव ऊर्जा के साथ कार्यरत रहने का आवाहन करता हूं ।

डॉ० प्रभात कुमार
प्रादेशिक मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## पंचवर्षीय निर्वाचन

**भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था के पंचवर्षीय चुनाव में निम्न निर्विरोध निर्वाचित घोषित**

***माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय***

**को प्रादेशिक/जिला संस्थाओ के पदाधिकारियों की ओर से हार्दिक बधाई !**

### प्रादेशिक अध्यक्ष



**डॉ० महेंद्र कुमार सिंह**

### प्रादेशिक मुख्यायुक्त



**डॉ० प्रभात कुमार** IAS (से०नि०)

### उपाध्यक्ष (पुरुष)



श्री महेश चन्द्र सक्सेना



श्री देव भास्कर तिवारी



डॉ०बाबूलाल तिवारी



श्री राम जन्म सिंह



डॉ० गजेन्द्र पाल सिंह



डॉ० हरेन्द्र कुमार राय

### उपाध्यक्ष (महिला)



श्रीमती नीलोफर उस्मानी



श्रीमती अर्चना गुप्ता



श्रीमती रेखा रानी शर्मा



डॉ० मधुबाला त्यागी



डॉ० प्रतिभा यादव

# !! स्वर्णिम उपलब्धियाँ !!

## भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था के माननीय अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी के कार्य काल (जनवरी 2019 से अब तक) की स्वर्णिम उपलब्धियाँ !

### 1. सेन्सस में अभूतपूर्व वृद्धि :-

मा० अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी के कार्यकाल में विगत 05 वर्षो में स्काउट/गाइड संस्था में युवाओं की जनसँख्या सेन्सस (Census) में दुगने से अधिक की बढोतरी हुई | इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए भारत स्काउट और गाइड, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किये गये है, जो इससे पूर्व संस्था को कभी प्राप्त नही हुए थे |

- FIRST POSITION - Overall Increase in Percentage *Both Wing Percentage
- FIRST POSITION - Numerical Increase in Percentage *Cub Section
- FIRST POSITION - Numerical Increase in *Bulbul Section
- FIRST POSITION - Numerical Increase in Percentage *Scout Section
- FIRST POSITION - Numerical Increase in Percentage *Guide Section
- FIRST POSITION - Numerical Increase in Number *Bulbul Section
- FIRST POSITION - Numerical Increase in Number *Guide Section
- FIRST POSITION - Overall Increase in Number *Both Wing
- SECOND POSITION - Numerical Increase in Number *Cub Section
- SECOND POSITION - Numerical Increase in Number *Scout Section







### 2. स्काउट/गाइड से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्यो में अभूतपूर्व वृद्धि :-


•विशेषज्ञता शिविर :-

| प्रतिभागी संख्या | |
|---|---|
| 2015 से 2019 तक | 2019 से अब तक |
| 37910 | 188658 |

•बी०एड०/डी०एल०एड० :-


| प्रतिभागी संख्या | |
|---|---|
| 2015 से 2019 तक | 2019 से अब तक |
| 688 | 2336 |



- **यूनिट लीडर शिविर (बेसिक एवं एडवान्स कोर्स) :-**

| प्रतिभागी संख्या | |
|---|---|
| 2015 से 2019 तक | 2019 से अब तक |
| 8193 | 9123 |




- **बालक/बालिका कार्यक्रम (युवाओं का प्रगतिशील प्रशिक्षण) :-**

| प्रशिक्षण | 2019 से अब तक |
|---|---|
| तृतीय सोपान (स्काउट/गाइड) | 40727 |
| राज्यपुरस्कार (स्काउट/गाइड) | 3819 |
| निपुण (रोवर/रेन्जर) | 8202 |
| राज्यपुरस्कार (रोवर/रेन्जर) | 434 |
| विशेष शिविर | 1520 |

- **वयस्क ट्रेनर्स की ट्रेनिंग :-**


**संस्था में सहायक लीडर ट्रेनर्स की संख्या 2019 से पूर्व मात्र 79 थी जो बढकर 285 हो गई है, एवं लीडर ट्रेनर्स की संख्या 19 से 23 हो गई है |**

**3. <u>वर्ष 2019 से संस्था में प्रथम बार मा० अध्यक्ष जी के कार्यकाल में संस्था की प्रगति के लिए विभिन्न क्षेत्रो में नई पहल (New Initiative) की गई :-</u>**

- **बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता**
- **सर्वोत्तम जनपद पुरस्कार योजना**
- **सर्वोत्तम कैडिट रैली**
- **“एक जनपद एक गतिविधि” (One District One Activity ODOA) योजना**
- **चीफ कमिश्नर फैलोशिप**
- **बी०एस०जी० कल्याण कोष की स्थापना**
- **त्रैमासिक पत्रिका “तेजल” का प्रकाशन**
- **बी०एस०जी० ज्ञान क्विज़ – ऑनलाइन**
- **आई०टी० सुविधाओं का विस्तार**
- **(साफ्टवेयर और वेबसाइट का निर्माण)**
















**4.<u>“सेफ सिटी परियोजना” मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण</u> :-**

**शासन के निर्देशानुसार महिला आत्मरक्षा मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 09 एवं 10 सितम्बर 2023 की अवधि में प्रादेशिक मुख्यालय, महानगर लखनऊ में आयोजित किया गया | जिसमे विषय विशेषज्ञो द्वारा महिला आत्मरक्षा से सम्बंधित विशेष अभ्यास कराया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम में 31 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया | जिससे छात्राएं अपनी आत्मरक्षा कर सकें | प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स ने जनपद स्तर पर विभिन्न यूनिट्स की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण कराया जा रहा है |**



**5. विश्वविद्यालयों को जिला संस्था की मान्यता देकर रोवर/रेन्जर युवाओं में स्काउट/गाइड गतिविधियों का प्रचार-प्रसार :-**

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश द्वारा एक नया और अनूठा initiative लेते हुए विश्वविध्यालयो को जिला संस्था के रूप में मान्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया जिसमे अब तक 17 विश्वविध्यालयो को सम्बद्धता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है | यह सभी विश्वविध्यालय जिला संस्था के रूप में कार्य कर रही है |

यही नही अब तक 05 विश्वविध्यालयो में स्काउट/गाइड वार्षिक शुल्क रु० 50 प्रति रोवर/रेन्जर लेने के आदेश भी जारी किये जा चुके है, जिसका 30% अंश प्रादेशिक संस्था को मिलना भी प्रारम्भ हो गया है |




**6. भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश अवस्थापना तथा प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास :-**

- प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत का पुनर्निर्माण एवं कायाकल्प – 23,980 वर्ग मीटर फैले हुए इस प्रशिक्षण केन्द्र काफी समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में तथा मृतप्राय था | इसे उत्तराखण्ड की संस्था द्वारा लेने के प्रयास किये जा रहे थे, उसे अपने अधिपत्य में लेकर प्रशिक्षण की विभिन्न सुविधाओं का विकास किया गया है तथा इसे विश्व स्तरीय Adventure Centre बनाने के लिए कार्य किये जा रहे है | उल्लेखनीय है यह सभी वित्तीय संसाधन संस्था के अपने प्रयासों से किये गये है | इस पर अबतक लगभग रु० 05 करोड़ व्यय किये जा चुके हैं |



- प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

➢ प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज तथा संस्था द्वारा संचालित इन्टर कॉलेज का कायाकल्प – केन्द्र की भूमि रक्षा मंत्रालय द्वारा लीज पर दी गई थी जिसकी लीज 2015 में समाप्त हो गई थी जिसे रक्षा मंत्रालय ने अनियमित मान कर Showcause notices भी दे दिया था | इसका वर्ष 2021 में 30 वर्ष के लिए नवीनीकरण करा लिया गया है |

- <u>प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज की बाउंड्री वाल का निर्माण :-</u> प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज की बाउंड्री वाल जो पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी थी तथा केन्द्र परिसर में आवारा पशुओ तथा अवांछनीय तत्वों का जमावड़ा रहता था | केन्द्र परिसर को सुरक्षित करने के लिए मा० अध्यक्ष जी के कार्यकाल में बाउंड्री वाल का निर्माण प्रयागराज विकास प्राधिकरण के माध्यम से लगभग 2.0 करोड़ की लागत से ज़िले की अवस्थापना निधि से कराया गया तथा केन्द्र की भूमि को पूरी तरह सुरक्षित किया गया |
- <u>प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज छात्र/छात्राओं के प्रशिक्षण के कार्यो की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए केन्द्र का कायाकल्प किया गया | जिसमे निम्नांकित सुविधाएँ विकसित की गई :-</u>



- वातानुकूलित प्रशिक्षण कक्ष |
- 36 कम्प्यूटर की कम्प्यूटर लैब |
- ओपन एयर जिम |
- केन्द्र परिसर में वाई-फाई सुविधा |
- सुरक्षा की दृष्टि से सी०सी०टी०वी० से निगरानी |
- केन्द्र परिसर और बाहर वृक्षारोपण |
- 24 घंटे अवाध्य रूप से जल व्यवस्था |
- 24 घन्टे विधुत व्यवस्था हेतु जनरेटर की सुविधा |
- इनडोर और आउटडोर खेल की व्यवस्था आदि |

- <u>भारत स्काउट गाइड इन्टर कॉलेज का कायाकल्प :</u> भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था द्वारा संचालित भारत स्काउट गाइड इन्टर कॉलेज जिसकी बिल्डिंग मृतप्राय थी | जिसको संस्था और मा० अध्यक्ष जी के व्यक्तिगत प्रयासों से पुनर्जीवित किया गया, और विद्यार्थियों के लिए ट्वायलेट तथा स्मार्ट क्लास रूम का निर्माण कराया गया |



➢ <u>प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में Adventure Base का निर्माण :</u> प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज पर युवाओं के अन्दर साहसिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए Adventure Base का भी निर्माण कराया गया है |



➢ <u>प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज का "स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में चयन :</u> प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में खेल सुविधाओं लिए केन्द्र का चयन "स्मार्ट सिटी <u>प्रोजेक्ट"</u> में कराया गया जिसके अन्तर्गत चिल्ड्रेन पार्क, विभिन्न प्रकार के खेलो के लिए स्पोर्ट काम्प्लेक्स, तथा जार्गिंग पाथ वे का निर्माण हो चुका है |



- <u>प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ के भवन में निर्माण कार्य –</u> मुख्यालय की शोचनीय स्थिति को देखते हुए लगभग 80 लाख की लागत से एनेक्सी निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसका 80% कार्य पूरा हो चुका है |



7. <u>भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के साथ विभिन्न संस्थाओ के साथ पार्टनरशिप -</u> मा० अध्यक्ष जी के नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था निम्नानुसार सरकार के विभिन्न प्रोजेक्ट्स और संस्थाओ के साथ मिलकर कार्य कर रही है | यह स्वर्णिम अवसर संस्था को प्रथम बार उपलब्ध हो पाया है :-

- उत्तर प्रदेश सरकार |
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्श्य योजना |
- राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण |
- उ०प्र० राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण |
- यूनिसेफ
- पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया |





8. <u>18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी पाली, राजस्थान में उत्तर प्रदेश संस्था का पूरे भारत में प्रथम स्थान</u> – प्रादेशिक अध्यक्ष जी और प्रादेशिक मुख्यायुक्त जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी पाली, राजस्थान में उत्तर प्रदेश के 1317 प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय जम्बूरी में प्रतिभाग कर स्काउट वर्ग में नेशनल कमिश्नर शील्ड में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। और विभिन्न प्रतियोगिताओं में निम्नानुसार ग्रेड प्राप्त किया :-




- स्टेट एकजीबीशन - 'A' ग्रेड
- पयनियरिंग प्रॉजेक्ट (स्काउट) - 'A' ग्रेड
- स्टेट गेट (स्काउट) - 'A' ग्रेड
- स्टेट गेट (गाइड) - 'A' ग्रेड
- रंगोली - 'A' ग्रेड
- फिजिकल डिस्प्ले - 'A' ग्रेड
- कैंप फायर - 'A' ग्रेड
- कलर पार्टी - 'A' ग्रेड
- फॉग डांस - 'A' ग्रेड
- फूड प्लाजा - 'A' ग्रेड
- ग्लोबल विलेज़/स्किल ओ रामा - 'A' ग्रेड
- मार्च पास्ट (स्काउट) - 'A' ग्रेड
- बैंड (स्काउट) - 'A' ग्रेड
- बैंड (गाइड) - 'A' ग्रेड
- मार्च पास्ट (गाइड) - 'B' ग्रेड
- फैशन शो - 'B' ग्रेड
- पीजेंट शो - 'B' ग्रेड




9. <u>संस्था के कर्मचारियों के वेतन में भत्तों में वृद्धि :-</u> भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों हेतु महगाईं भत्ते में 75% की वृद्धि की गई, जबकि इससे पूर्व 2015 से 2019 तक केवल 30% ही वृद्धि हुई थी | इसके अतिरिक्त दिनांक 01.04.2023 से कर्मचारियों के वेतन में 50% की अंतरिम सहायता भी दी गई | यही नही उनको सुविधाएँ देने के लिए उनकी मोबिलिटी को बनाएं रखने के लिए मासिक यात्रा भत्ता भी दिया गया |

10. <u>संस्था का वित्तीय संसाधनों में अभूतपूर्व वृद्धि :-</u> मा० अध्यक्ष जी के लगभग 05 वर्ष के कार्यकाल में संस्था की आय में दोगुने से भी अधिक की वृद्धि हुई है जिसका उपयोग अवस्थापना सुविधाओं तथा संस्था की गतिविधियों के विकास व विस्तार में किया गया है, यही नही आज संस्था के पास एक बड़ी पूंजी बचत के रूप में उपलब्ध है |

| वित्तीय विवरण – कुल आय | |
|---|---|
| 2014-15 से 2018-19 तक | जनवरी 2019 से अब तक |
| 10,13,73,832.72 | 23,10,99,083.75 |




11. <u>भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की ब्राण्ड तथा विजिबिलटी में अभूतपूर्व वृद्धि :-</u>

- विगत लगभग 05 वर्षो में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश संस्था की गतिविधियों में वृद्धि हुई है न कि इसकी विजिबिलटी काफी बड़ी है | प्रथम बार इस कार्यकाल में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर संस्था की झांकी निकालने हेतु प्रतिवर्ष प्रतिभाग करना प्रारम्भ कर दिया है | भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की आज अपनी एक अलग पहचान है |





12. <u>प्रादेशिक संस्था से सम्बद्ध जिला संस्थाओ को सुदृढ़ करना :-</u>

- प्रादेशिक मुख्यालय की जिला इकाई को सुदृढ़ करने हेतु उक्त अवधि में काफी प्रयास किये गये है :-
- जिला संस्थाओ के कार्यालयों की जिले में स्थापना |
- जिला संस्थाओ की गतिविधियों की विजिबिलटी में वृद्धि |
- जिलो में कुशल वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रबन्धन |
- जिला संस्थाओ द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता को बढ़ाना तथा जिले में प्रशिक्षण गतिविधिओं का प्रसार एवं विस्तार |
- जिला संस्थाओ द्वारा विश्व स्तरीय संस्थाओ से प्रोजेक्ट लेना |

**13. भ्रष्टाचार पर अंकुश तथा कुशल प्रशासन :**

- डिजिटलाईज़ेशन, कुशल वित्तीय प्रबन्धन तथा प्रशासनिक प्रबन्धन एवं भ्रष्टाचारी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए संस्था में शुचितापूर्वक कार्य करने का वातावरण बनाया गया है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण संस्था के वित्तीय संसाधनों तथा गतिविधियों में अभूतपूर्व वृद्धि है |

  यही नही संस्था में कुशल प्रशासन का वातावरण बनाते हुए संस्था के कर्मियों में निष्ठा, मोटिवेशन तथा दायित्व की भावना विकसित की गई है | जिससे अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारी प्रात्साहित हुए है, तथा अन्य कर्मियों में भी इसी प्रकार की भावना विकसित हुई है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण संस्था की गतिविधियों में चौमुखी वृद्धि है |

====XXX====

## भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश झांकी 2024

माननीय प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी और प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय की प्रेरणा से गणतन्त्र दिवस 2024 के अवसर पर परेड में निकलने वाली झांकी का प्रस्तावित माडल !



# प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

## स्थापना दिवस

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय महानगर, लखनऊ के तत्वाधान में 07 नवम्बर 2023 को भारत स्काउट और गाइड के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी ने भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था के उप मुख्य संरक्षक आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से मुलाकात करते हुए स्थापना दिवस स्टीकर (झंडा) लगाकर स्थापना दिवस की बधाई दी और संस्था की उपलब्धियों के बारे में बताया । इस अवसर पर प्रादेशिक कोषाध्यक्ष श्री आलोक अग्रवाल, प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) डॉ० राजेश कुमार मिश्रा और प्रादेशिक संस्था के पदाधिकारीगण एवं कब/बुलबुल उपस्थित रहे ।
















## प्रादेशिक कार्यकारिणी की बैठक

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक कार्यकारिणी की बैठक प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड में 18 अक्टूबर 2023 को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी ने किया। इस अवसर पर डॉ० प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त जी ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको मिलकर प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत और प्रयागराज पर स्काउट/गाइड गतिविधियों बढ़ाने पर विचार करना होगा | इस अवसर पर प्रादेशिक कोषाध्यक्ष श्री अलोक अग्रवाल प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) सुश्री ललिता प्रदीप प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) डॉ० राजेश मिश्रा सहित प्रादेशिक कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रादेशिक संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे |




## हिमालय वुड बैज कोर्स (स्काउट/गाइड)

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय गोल मार्केट महानगर, लखनऊ के तत्वाधान में दिनांक 17 से 23 नवम्बर 2023 प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज में हिमालय वुड बैज कोर्स का आयोजन किया गया | जिसमें स्काउट के 34 व गाइड के 17 प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अरविन्द कुमार श्रीवास्तव एवं प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती कुसुम मनराल जी के निर्देशन में हुआ। लीडर ऑफ़ द कोर्स (स्काउट) श्री सत्यपाल मलिक तथा लीडर ऑफ़ द कोर्स (गाइड) निरूपमा बाजपेई और गाइड संवर्ग में स्टाफ के रूप में प्रतिमा सिंह, ज्योति देवी, और स्काउट संवर्ग में सुरेन्द्र कुमार यादव, राकेश कुमार सैनी, पुष्पकांत शर्मा, सैयद अनवर हुसैन, श्याम बाबू रहे ।



# एक झलक ...
## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, शीतलाखेत



Admin Block



Kitchen +Dining Block +Multi Purpose Hall



Care Taker Block



Hostel Block







Toilet Block



**एक झलक ...**

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत

संचालित प्रशिक्षण






## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज – एडवेन्चर बेस

















# जनपदीय कार्यक्रम

## मण्डल – गोरखपुर

### जनपद – गोरखपुर

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०, जनपद गोरखपुर के तत्वाधान में दिनांक 30 सितम्बर 2023 से महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज गोरखपुर में तीन दिवसीय प्रथम एवं द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अजय कुमार सिंह के द्वारा एवं अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिविर के दूसरे दिन माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा 02 अक्टूबर 2014 महात्मा गाँधी को श्रद्धांजली के रूप में शुरू की गई स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत 02 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया।





### जनपद – कुशीनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद कुशीनगर के तत्वाधान में दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को जिला परिषद की बैठक मुख्य विकास अधिकारी जनपद कुशीनगर गुंजन द्विवेदी जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई | बैठक में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर श्री रविंद्र सिंह, उपाध्यक्ष जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि सुरेंद्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य हनुमान इंटर कॉलेज पडरौना श्री शैलेंद्र दत्त शुक्ला, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट श्री नौशाद सिद्दीकी और जनपद के जिला मुख्य आयुक्त श्री अश्वनी कुमार पांडे, जिला सचिव डॉ० देवेंद्र मणि त्रिपाठी अध्यक्ष परिषद जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार प्रजापति, जिला



आयुक्त स्काउट श्री राम प्रसाद, सहायक जिला आयुक्त स्काउट उमेश कुमार, उपाध्याय प्रधानाचार्य बुद्ध इंटर कॉलेज कुशीनगर, प्रधानाचार्य नागेश्वर पति त्रिपाठी, प्रधानाचार्य डॉ० रमेश सिंह, प्रधानाचार्य फतेह मेमोरियल इंटर कॉलेज तमकुही डॉ० मनीष शाही, डॉ० सुनीता पाण्डेय, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार किसान पीजी कॉलेज शिवरही उपस्थित रहे, ।

### जनपद – महाराजगंज

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद महाराजगंज के तत्वाधान में दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को जिला संस्था के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया । जिसमें जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती ज्योति सिंह, जिला सचिव श्री संजय कुमार मिश्र, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) रामनरायण खरवार, श्री शशांक कुमार गुप्त, अटल सिंह, रोहन कुमार यादव और संस्था के अन्य लोग उपस्थित रहे ।





## जनपद – देवरिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था देवरिया के तत्वाधान में दिनांक 09 अक्टूबर 2023 को राम जी सहाय पी०जी० कॉलेज रुद्रपुर, देवरिया में महाविद्यालय के समारोह में प्राचार्य प्रोफेसर बृजेश कुमार पाण्डेय द्वारा रोवर एवं रेंजर्स को प्रवेश एवं निपुण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। गत वर्ष दिसंबर माह में आयोजित जांच शिविर में 24 निपुण रेंजर एवं 7 निपुण रोवर जबकि 65 प्रवेश रेंजर एवं 20 प्रवेश रोवर ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने रोवर्स रेंजर्स को बधाई दिया। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का संचालन एडवांस रोवर लीडर डॉ० सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने किया।





## मण्डल – सहारनपुर

## जनपद – मुजफ्फरनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में दिनांक 01 नवम्बर 2023 को यातायत पुलिस विभाग के द्वारा एस०पी० ट्रैफिक श्री कुलदीप कुमार जी के नेतृत्व में माह नवंबर सड़क सुरक्षा यातायत सुरक्षा माह का उद्घाटन पुलिस लाइन प्रांगण में जनपद के वरिष्ट पुलिस अधिक्षक श्री संजीव सुमन जी द्वारा किया गया | इस अवसर पर जनपद के समस्त



अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस लाइन से एक भव्य यातायत सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें होमगार्ड, एन०सी०सी कैडेट और स्काउट गाइड के बच्चे तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० धर्मेन्द्र शर्मा एवं जिला मुख्य आयुक्त डॉ० कंचन प्रभा शुक्ला के निर्देशानुसार होली एंजिल कॉन्वेंट स्कूल, एस०डी० इंटर कॉलेज रोडवेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज नई मंडी पुलिस लाइन मॉर्डन स्कूल के स्काउट/गाइड द्वारा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) भारत भूषण अरोरा के नेतृत्व में प्रतिभाग किया इस रैली को सफल बनाने में स्काउट मास्टर श्री प्रदीप कुमार शर्मा, अरविंद कुमार ट्रेनिंग काउंसलर, ऋतु रानी का विशेष सहयोग रहा।

## जनपद – शामली

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था शामली के तत्वावधान में दिनांक 26 से 30 अक्टूबर 2023 तक राज्य पुरस्कार जाँच शिविर (स्काउट /गाइड) एवं 25 से 31 अक्टूबर तक बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया । कार्यक्रमों में अध्यक्ष जिला संस्था/ जिलाधिकारी शामली श्री रविंद्र सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक शामली श्री जे०एस० शाक्य, जिला मुख्यायुक्त डॉ० रुचिता ढाका, जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ० अमित मलिक, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती अनुराधा राठी, जिला कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक शर्मा, जिला बेसिक स्काउट मास्टर श्री सचिन कुमार, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) गीता रानी, श्री सुरेश कुमार, कपिल कुमार व विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य/ प्रधानाचार्या एवं स्काउट मास्टर /गाइड कैप्टन के साथ जिला सचिव डॉ० हीरा सिंह का विशेष सहयोग रहा।



## जनपद – सहारनपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सहारनपुर के तत्वाधान में दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष डॉ० दिनेश चन्द्र जी, जिला मुख्यायुक्त श्री विजय कुमार जी के निर्देशन में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित "मिशन शक्ति के चौथे चरण" के आगाज पर महिला सशक्तिकरण रैली सम्पन्न हुई। । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्य मन्त्री श्री जसवंत सैनी जी, सांसद श्री प्रदीप चौधरी एस०एस०पी० डॉ० विपिन ताड़ा जी ने किया । जिला आयुक्त (कब) श्री रविदत्त जी, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री राजीव रंजन जी, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती अलका भारद्वाज जी, जिला सचिव श्री दीपक कुमार गुप्ता जी, वित्त एवं लेखाधिकारी/ जिला कोषाध्यक्ष श्री रणजीत सिंह जी एवं जिला संस्था के पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर सक्रियता से सहयोग प्रदान किया | इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा जी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री अनिल कुमार भारद्वाज, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) उषा तोमर एवं स्काउट/गाइड आदि उपस्थित रहे।






## मण्डल – मिर्जापुर

### जनपद – मिर्जापुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के निर्देशन में जनपद मिर्जापुर में नवरात्रि मेला सेवा शिविर का उदघाटन  रेनबो पब्लिक स्कूल विंध्याचल में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार वर्मा जी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्काउट को सेवा की महत्ता की जानकारी दी। मेला संयोजक/प्रधानाचार्य रेनबो पब्लिक स्कूल श्री प्रदीप कुमार मिश्रा जी ने स्काउट गाइड के बच्चों से अनुशासन में रहकर सेवा कार्य करने की अपील की। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त श्री राजेश कुमार प्रजापति जी ने छात्रों से 09 दिन तक श्रद्धालुओं की सेवा मेहनत व ईमानदारी के साथ करते हुए पुण्य की प्राप्ति करने की सलाह  दी । मेला प्रभारी अखिलेश्वर पति त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का सम्मान वाणी के माध्यम से किया। इस अवसर पर सहायक जिला सचिव मनोज कुमार नीलम, जिला प्रशिक्षण आयुक्त कुलदीप शुक्ला, सत्यबदा सिंह, आई०टी० समन्वयक अमित प्रजापति, सुरेंद्र बहादुर सिंह, रवि प्रकाश सिंह, डॉ० विजय शंकर सोनी, चंद्रकांत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मुकेश कुमार सिंह ने किया ।









## मण्डल – झाँसी

### जनपद – झाँसी

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद झांसी के तत्वाधान में दिनांक 07 दिसम्बर 2023 को भानी देवी गोयल इण्टर कॉलेज में एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के 09 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की गाइड टोली ने प्रतिभाग किया। जिसमें बालिकाओं के द्वारा टैंट निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ बंधन, साहसिक कार्य, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का प्रदर्शन किया गया। इस प्रतियोगिता का नेतृत्व जिला स्काउट मास्टर श्री सुनील द्विवेदी द्वारा किया गया। झांसी जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी और सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी बड़ागांव तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बच्चों की प्रतिभा का निरीक्षण किया, तकनीकी निर्णायक की भूमिका श्री अमित उपाध्याय के द्वारा निभाई गई। और बच्चों के सहयोग के लिए बुन्देलखण्ड महाविद्यालय के रोवर्स भी उपस्थित रहे।




### जनपद – ललितपुर

भारत स्काउट गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद ललितपुर के तत्वाधान में दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर के तृतीय दिवस परीक्षकों द्वारा स्काउट गाइड रोवर रेंजर का परीक्षण लिया गया। जिसमें प्रतिज्ञा, नियम, प्रार्थना, झंडा गीत, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ एवं बंधन आदि का क्रमशः टेस्ट लिया गया। जिसमें उपस्थित जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ० ओम प्रकाश शास्त्री, जिला सचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी जी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सज्जन कुमार शर्मा जी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) डॉ० राजीव निरंजन जी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) मीना जैन, भरत रजक बेसिक स्काउट मास्टर, दीपचन्द्र कुशवाहा जिला आई०टी० समन्वयक, रमाकांत सिंह, अनिल राठौर, मयंका कुमारी एवं समस्त विद्यालय/महाविद्यालयों से स्काउट/गाइड, रोवर रेंजर और यूनिट उपस्थित रहे।



### जनपद – जालौन

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था जालौन के द्वारा 15 दिसम्बर 2023 तृतीय सोपान जाँच शिविर का अंतिम दिवस समापन समारोह सर्वोदय इंटर कॉलेज उरई में हुआ। समापन दिवस के अवसर पर प्रातः सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। उसके पश्चात सड़क सुरक्षा रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जालौन श्री राजेश कुमार पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक श्री इराज राजा ने किया व जिला अधिकारी कार्यालय से टाउन हॉल तक स्काउट/गाइड ने रैली में प्रतिभाग किया। सभी स्काउट एवं गाइड के बच्चों के द्वारा ध्वज शिष्टाचार का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद तृतीय सोपान जांच शिविर में आये स्काउट गाइड की लिखित परीक्षा ली गई। अंत मे समापन समारोह के सत्र में स्टेट लेवल कैम्प शीतलाखेत उत्तराखंड में आयोजित कैम्प कर के आये रोवर/रेंजर अभिषेक राठौर, सचिन कुमार, हिमांशु तथा सभी प्रतिभागी टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष श्री प्रदीप निरंजन, जिला सचिव व्यंजना सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री मुकेश बाबू सक्सेना, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) डॉ० ममता स्वर्णकार, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री रजत कुलश्रेष्ठ, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) संगीता सिंह, ट्रेनिंग काउंसलर श्री शिव नरेश त्रिपाठी, मिथलेश सिंह, पुष्पेंद्र, आई०टी० समन्वयक हिमांशु एवं जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।






# मण्डल – आजमगढ़

## जनपद – आजमगढ़

जनपद आजमगढ़ के तत्वावधान में जनपदीय स्काउट गाइड रैली समारोह का आयोजन 11 दिसम्बर 2023 को श्री दुर्गाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुर (महराजगंज) के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्री नफीस अहमद, विधायक विधानसभा गोपालपुर, एवं विशिष्ट अतिथि श्री रामाश्रय यादव, सह जिला विद्यालय निरीक्षक आजमगढ़ रहे। कार्यक्रम में जनपद से 12 स्काउट और 10 गाइड सहित 22 समूहों ने भाग लिया कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथि का स्वागत स्काउट गाइड कलर पार्टी एवं बैंड द्वारा किया गया। और सभी



अतिथियों के आसन ग्रहण के बाद मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। रैली में बच्चों ने सांस्कृतिक एवं साहसिक प्रदर्शन किया। रैली में मुख्य रूप से जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ० अजीत कुमार, जिला आयुक्त (गाइड) डॉ० नीलम सिंह, जिला सचिव श्री प्रवीण कुमार सहित डॉ० रणधीर सिंह, सत्यवन्त सिंह, विजय प्रताप सिंह, जीतबहादुर यादव, इन्द्रासन यादव, लालता प्रसाद सिंह,व स्काउट गाइड की जनपदीय टीम में श्री दिनेश सिंह जिला स्काउट मास्टर आजमगढ़, श्री प्रमोद कुमार दुबे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), अवधेश यादव जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), रामनिवास यादव, प्रतिभाग किया।

## जनपद – बलिया

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बलिया द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा (ददरी मेला) स्नान महापर्व के अवसर पर रेलवे स्टेशन के बाहर स्नानार्थियों की सहायता एवं रेलवे पुलिस व रेलवे कर्मचारियों के सहयोग में स्काउट गाइड का दो दिवसीय सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुंवर सिंह इंटर कॉलेज व श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज के 30 स्काउट्स तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के 10 गाइड्स ने प्रतिभाग किया। स्काउट व गाइड अपने यूनिट प्रभारियों एवं संस्था के



पदाधिकारियों के साथ रात्रि भ्रमण करते रहे। तथा भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग किया। तथा स्टेशन अधीक्षक श्री सुनील सिंह ने बच्चों द्वारा किए गए इस सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा बच्चों को सेवा कार्य का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। संस्था के पदाधिकारियों में जिला सचिव राजेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) निर्भय नारायण सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह, नित्यानंद पांडे, राजाराम पांडे, सरिता, अनन्या पाण्डेय, नफिल अख्तर आजाद, आनंद कुमार यादव, इत्यादि रहे। शिविर का संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री सौरभ कुमार पांडे ने किया।

## जनपद – मऊ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मऊ द्वारा दिनांक 22 व 23 नवम्बर 2023 को स्काउट और गाइड की 30वीं जनपदीय रैली का आयोजन पब्लिक बालिका इण्टर कॉलेज मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय ऐ०के० शर्मा (मंत्रीनगर विकास एवं ऊर्जा उत्तर प्रदेश सरकार) रहे। उन्होने कहा कि स्काउटिंग बालको के विकास में अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर जिला मुख्यायुक्त श्री देवभास्कर तिवारी, जिला आयुक्त (स्काउट) सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) आजमगढ मण्डल डॉ० सुशील कुमार राय, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती इन्दिरा तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष डॉ० भूपेन्द्र वीर सिंह, जिला सचिव दिनेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा। रैली का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री अखिलेश कुमार चौहान व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री राजेश कुमार यादव द्वारा किया गया।





# मण्डल – लखनऊ

## जनपद – लखनऊ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद लखनऊ के तत्वाधान में गांधी जंयती के उपलक्ष्य में 02 अक्टूबर 2023 को नेशनल पी०जी० कालेज, लखनऊ में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा सहभागिता की गई। संगोष्ठी "महात्मा गाँधी के विचारों की प्रासंगिकता" विषय पर आधारित थी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर राकेश कुमार जी रहे। रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया, तत्पश्चात इकाई द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ किया गया।



## जनपद – हरदोई

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था हरदोई के तत्वाधान में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार जी के दिशा निर्देश के अनुपालन में बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन शिविर का आयोजन 02 नवंबर 2023 से 8 नवंबर 2023 की अवधि में राजकीय इंटर कॉलेज बेगमगंज हरदोई में संपन्न हुआ। जिसमें लीडर ऑफ द कोर्स (स्काउट) श्री दिनेश यादव एवं लीडर ऑफ द कोर्स (गाइड) श्रीमती नीता त्रिपाठी एवं जनपद के अन्य सहयोगियों द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण कराया गया। शिविर में स्काउटर की संख्या 39 और गाइडर की संख्या 23 रही। स्कीम ट्रेनिंग के अनुसार पाठ्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण के पश्चात ध्वजारोहण के साथ किया गया। सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर लखनऊ मंडल द्वारा उक्त कोर्स का निरीक्षण करते हुए सभी को संस्था में उनके महत्व एवं प्रत्येक विद्यालय में यूनिट को संचालित करने का निर्देश भी प्रदान किया गया। जिला सचिव जिला कमिश्नर स्काउट, जिला कोषाध्यक्ष, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट गाइड, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड द्वारा समय-समय पर शिविर को सहयोग के साथ-साथ नेतृत्व प्रदान किया गया।



## जनपद – उन्नाव

जनपद उन्नाव में 18 दिसम्बर 2023 को मन्नालाल इंद्राणी कुंवर इंटर कॉलेज, जैतीपुर में स्काउट गाइड का प्रशिक्षण संपन्न हुआ| जिसमें जिला स्तर की टीम में श्री भरत कुमार रोवर लीडर एवं श्रीमती मंजू कनौजिया जिला संगठन आयुक्त (गाइड) ने विद्यालय में प्रशिक्षण दिया| कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद कुमार विश्वकर्मा ने किया, तथा कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों जैसे बिना बर्तन के भोजन पकाना, टेंट निर्माण, पुल निर्माण, मंकी ब्रिज



एवं साहसिक क्रियाकलाप आदि भी बच्चों द्वारा कराए गए| विद्यालय के प्रबंधक श्री धर्मवीर सिंह जी एवं सेवानिवृत्त प्रधान लिपिक श्री अजय प्रताप सिंह जी ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया| प्रधानाचार्य शिव बाबूजी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया | विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदान की,|बच्चों ने बड़े ही हर्षो उल्लास एवं मनोयोग से सफल कार्यक्रम किया|



## जनपद – लखीमपुरखीरी

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज, पलिया कला खीरी में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जिला मुख्यायुक्त डॉ० महेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में दिनांक 25 नवंबर 2023 को प्रभात फेरी निकाली गई| जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डोरी लाल भार्गव, स्काउट प्रभारी जे०के० मौर्य, गाइड प्रभारी सोनी देवी, दलनायक विनय कुमार, कंपनी नायिका शर्मिला कुमारी एवं विद्यालय के स्काउट गाइड ने सड़क सुरक्षा सप्ताह प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया| जिसमे ट्रेनिंग काउंसलर श्री शशांक पाण्डेय भी उपस्थित रहे।




## मण्डल – प्रयागराज

## जनपद – कौशाम्बी

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद कौशाम्बी के तत्वाधान में जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जनजागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली स्काउट और गाइड बैंड पार्टी के साथ निकाली गयी इस रैली में बेसिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं, माध्यमिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं एवं आशा कार्यकत्री आदि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० सुष्पेंद्र कुमार, जिला मुख्यायुक्त (स्काउट/गाइड) जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सच्चिदानन्द यादव, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्यामबाबू यादव, पूर्व खेल सचिव माध्यमिक चंद्रभूषण पांडे, जिला खेल सचिव माध्यमिक श्याम लाल स्काउट मास्टर अवध कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ० अनुपमा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक संचालित किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों से बचाव एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया गया।



## जनपद – प्रतापगढ़





जिला संस्था प्रतापगढ़ के तत्वाधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में दिनांक 19 दिसम्बर 2023 को स्काउट गाइड की दो दिवसीय जनपदीय रैली का आयोजन किया गया| रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक/जिलामुख्यायुक्त, श्री सरदार सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया गया| इसके उपरांत स्काउट का ध्वजारोहण करके मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने अपनें उद्बोधन में जीवन में स्काउटिंग और गाइडिंग के महत्त्व पर विस्तार रूप से प्रकाश डाला और कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग से जीवन अनुशासित बनता है| और आने वाली समस्याओं के कुशलतापूर्वक समाधान में सहायता मिलती है| इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, स्काउटर गाइडर तथा स्काउट गाइड संस्था के पदाधिकारी एवं प्रतिभागी स्काउट गाइड उपस्थित रहे| कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) संजीव कुमार शर्मा द्वारा किया गया ।

## मण्डल – वाराणसी

### जनपद – वाराणसी




भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, मण्डल वाराणसी के अंतर्गत 07 नवम्बर 2023 को जिला संस्था वाराणसी के बी०टी०एस० स्कूल कमच्छां, वाराणसी में सात दिवसीय बेसिक एवं एडवांस स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन शिविर में बृहत कैंप फायर कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ० विनोद कुमार राय अपर सचिव क्षेत्रीय कार्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफिस वाराणसी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ० जयप्रकाश पाण्डेय जिला आयुक्त (स्काउट), डॉ० श्रीप्रकाश सिंह जिला मुख्यायुक्त, डॉ० उमेश कुमार सिंह, जिला सचिव एडवांस कोर्स की लीडर ऑफ़ द कोर्स (गाइड) सुश्री रविन्दर कौर सोखी सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त वाराणसी मण्डल, लीडर ऑफ़ द कोर्स (स्काउट) श्री श्याम बाबू यादव कौशांबी, जाकिर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्रीमती रामेश्वरी वर्मा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) व प्रदेश द्वारा नामित प्रशिक्षक श्री रमेश कुमार यादव अंबेडकर नगर, श्री शुभम सोनी सोनभद्र, प्रमोद कुमार यादव गाजीपुर, सुश्री शकीला खातून वाराणसी, अभिषेक गौरव उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया |




### जनपद – गाजीपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद गाजीपुर के तत्वाधान में दिनांक 07 नवम्बर 2023 को स्थापना दिवस कार्यक्रम राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में प्रज्ञा रेंजर टीम द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रज्ञा रेंजर्स छात्राओं ने लॉर्ड बेडेन पावेल को याद करते हुए स्काउट गाइड के नीले झंडे को फहराया। विदित हो कि आज ही के दिन 1950 में देश में कार्यरत अलग-अलग नाम से कार्यरत स्काउट गाइड के सभी संगठनों को मिलाकर भारत स्काउट गाइड की स्थापना हुई थी| और भारत दुनिया का पहला देश है जहां पर लड़के और लड़कियों दोनों की गतिविधियां एक ही झंडे के तहत संचालित होती हैं। बच्चों और युवाओं के समग्र



शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास एवं कौशलों के अर्जन तथा भावी नागरिकता के प्रशिक्षण के रूप में स्काउट गाइड की महत्ता एक आंदोलन की तरह है। इस अवसर पर स्काउट गाइड जनपद गाजीपुर के जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री दिनेश कुमार यादव, स्काउट ट्रेनर इनामुल्लाह अंसारी एवं प्रज्ञा रेंजर टीम प्रभारी डॉ० शिव कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में रेंजर्स सुरेखा बिंद, पूजा, आफरीन, रूपा गुप्ता, अंकिता पांडे, अंजलि अग्रहरि, श्रेया श्रीवास्तव, खुशबू यादव, शिल्पी प्रजापति आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## जनपद – चंदौली

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली कि ओर से आस्था के महापर्व डाला छठ के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जय प्रकाश एवं जिला मुख्यआयुक्त डॉ० एस०के० लाल जी के निर्देशन में सेवा सहायता शिविर का आयोजन किया गया| जिसमें जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज चंदौली, नेशनल इंटर कालेज सैय्यदराजा, सकलडीहा इंटर कालेज सकलडीहा के स्काउट और गाइड्स ने व्रती श्रद्धालुओं का सहयोग किया।



## मण्डल – बस्ती

### जनपद – सिद्धार्थनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद सिद्धार्थ नगर में बेसिक की स्वच्छांजली "स्वच्छता ही सेवा" के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूड़ा विकास क्षेत्र, बर्डपुर जनपद सिद्धार्थनगर में राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी जी को श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए शिवाजी स्काउट दल और लक्ष्मीबाई गाइड कम्पनी के स्काउट और गाइड छात्रों ने विद्यालय के अन्य छात्रों के साथ मिलकर बैंड बाजा के साथ बड़े ही धूमधाम से स्वच्छता अभियान की जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। स्काउट और गाइड छात्रों ने धरती, पानी, हवा रखो साफ, वरना आने वाली पीढ़ी नहीं करेगी माफ। स्वच्छता का दीप जलाएंगे, चारों ओर उजियाला फैलाएंगे। आदि स्वच्छता के नारे लगाकर ग्रामीणों को सफाई के प्रति उत्साहित किया। स्वच्छता की यह जागरूकता रैली विद्यालय से चलकर ग्राम पंचायत खैराटी के बभनी में लगभग डेढ़ घण्टे तक गली मोहल्लों में स्काउट और गाइड छात्रों ने प्रधानाध्यापक एवं जिला स्काउट मास्टर महेश कुमार के साथ झाड़ू लगाकर साफ किया और कूड़ा निस्तारण करते हुए जानकारी प्राप्त किया| जिसमें महेश कुमार ने बताया की गीला कचरा हरे रंग के कूड़ेदान एवं सूखा कचरा नीले रंग के कूड़ेदान में डालें। इस अवसर पर श्रीमती संगीता कन्नौजिया, अभय, गौरीशंकर, राज कमल, नागेश्वर, इंद्रजीत, आदित्य, लक्ष्मी, काशिश, चंद्रकला, अराध्या, नैना, सेजल, अंजनी आदि लोग उपस्थित रहे।





### जनपद – संतकबीरनगर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश नेशनल लेबिल कब/बुलबुल कम्पूरी का आयोजन बेस्ट बंगाल कोलकता में 2 दिसम्बर से 6 दिसम्बर 2023 तक किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों ने प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व पी०एम० श्री प्रा०वि० भैसमथान वि०क्षे० बघौली, जनपद सन्त कबीर नगर से श्री कन्हैया लाल जौनपुरिया कब मास्टर, श्रीमती अर्चना सिंह फ़्लाक लीडर व श्रीमती दीपिका सिंह फ्लाक लीडर के द्वारा किया गया। यहाँ पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें हमारे विद्यालय के कव बुलबुल के द्वारा बैलुम गातिविधि



प्रथम स्थान, जिबलिग थ्रो द्वितीय स्थान, फैसन डिजाइन मे द्वितीय स्थान, बालचर गेम मे द्वितीय स्थान, शिल्ड व मेडल पाकर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। अपने लोकप्रिय जिला विद्यालय निरीक्षक श्री संदीप चौधरी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बस्ती मंडल श्री राकेश कुमार सैनी, जिला सचिव रवि प्रकाश श्रीवास्तव, जिला स्काउट मास्टर श्री मनोज कुमार अनिल, जिला गाइड कैप्टन रेनू मैडम जी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री रमेश यादव, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती निशा यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अमीत कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती निधि श्रीवास्तव ने अपने सम्मानित सभी शिक्षक भाई बहन के प्रति अभार प्रकट किया।

# मण्डल – चित्रकूट

## जनपद – महोबा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के राजकीय इंटर कॉलेज में त्रिदिवसीय स्काउट/ गाइड रैली एवं सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन 17 नवंबर से 19 नवंबर 2023 तक किया गया। रैली उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा आदरणीय जयप्रकाश अनुरागी, रैली अध्यक्ष श्री गिरधारी लाल कोली जिला मुख्यायुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा, विशिष्ट अतिथि श्री विश्वनाथ त्रिपाठी पूर्व संस्था अध्यक्ष, रैली संयोजक श्री देवेंद्र कुमार जिला आयुक्त (स्काउट) एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, सह संयोजक श्री गया प्रसाद त्यागी जिला सचिव महोबा, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती सरगम खरे आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। रैली में 31 स्काउट/गाइड टीमों ने प्रतिभाग किया। रैली के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय दिवस पर प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा निर्धारित की गई प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। रैली समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय राम प्रकाश जी अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महोबा के द्वारा विजेता टीमों को शील्ड एवं सभी रैली सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर उत्साह वर्धन किया गया। रैली में निर्णायक के रूप में शिवपाल, बाबूलाल कुशवाहा, उपेंद्र सिंह, राम नरेश पाल, आनंद साहू, श्याम कुशवाह, संगीता मिश्रा, अंजू प्रजापति, आदि लोगों ने सहयोग किया। रैली का संचालन श्री जयप्रकाश दक्ष जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) जनपद महोबा द्वारा किया गया।





## जनपद – बाँदा

भारत स्काउट गाइड और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बांदा में 16 नवम्बर से 18 नवम्बर 2023 तक 68वीं जनपदीय रैली/सर्वोत्तम कैडेट रैली आदर्श इंटर कॉलेज बिसंडा में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुनील सिंह पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत बांदा, श्री विजय पाल सिंह मुख्य आयुक्त /



जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा, डॉ० योगेंद्र कुमार मिश्र प्रधानाचार्य आदर्श इण्टर कॉलेज बिसंडा, मेजर मिथलेश कुमार पांडेय जिला आयुक्त (स्काउट)/प्रधानाचार्य आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, श्री शिव प्रताप सिंह पाल सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट), श्री राजकिशोर शुक्ला सहायक जिला आयुक्त (स्काउट), श्री सरोज कुमार जिला सचिव बांदा, श्री अशोक कुमार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), श्री अरुण कुमार अग्रहरि जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), श्रीमती आराधना गौतम जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), श्रीमती स्मिता द्विवेदी जिला संगठन आयुक्त (गाइड), श्री रवि गुप्ता ट्रेनिंग काउंसलर बांदा, श्री बृजेश कुमार जिला आई०टी० समन्वयक, बांदा श्री अरुण कुमार ट्रेनिंग काउंसलर अतर्रा, श्रीमती बबीता चौहान, सुशील सिंह परमार, विपुल, विष्णु द्विवेदी, विवेक, राजकरन सर्विस रोवर आदि उपस्थित रहे।

## जनपद – हमीरपुर

जनपदीय स्काउट और गाइड रैली एवम् सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद – हमीरपुर के राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनांक 17 व 18 नवम्बर 2023 को आयोजित किया गया। जिसमें 41 टीमों ने प्रतिभाग किया तथा सर्वोत्तम कैडेट रैली में 109 प्रतिभागी उपस्थित रहे। रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्री कुलदीप निषाद, विशिष्ट अतिथि सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री शिव प्रताप सिंह पाल, जिला विद्यालय

निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त श्री कमलेश कुमार ओझा, प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजीत निगम को सलामी प्रदान कर व सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन कर किया गया। रैली का संचालन श्री अरुण कुमार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) द्वारा किया गया। रैली के सफल आयोजन में जिला सचिव श्री रामनारायण वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह यादव आदि का सराहनीय सहयोग रहा।





## जनपद – चित्रकूट

जिला संस्था चित्रकूट के द्वारा तीन दिवसीय 23वीं जनपदीय स्काउट और गाइड रैली का आयोजन महर्षि वाल्मीकि इंटर कॉलेज खंडेहा में दिनांक 07 से 09 नवम्बर 2023 को आयोजित किया गया| जिसमें मुख्य अतिथि मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी जी ने मां सरस्वती एवं भारत स्काउट और गाइड के संस्थापकों के चित्रों पर पुष्प अर्चन व दीप प्रज्वलन कर रैली का शुभारम्भ किया। जिसमें जनपद से 18 विद्यालयों की 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। रैली का संचालन संस्था के पूर्व सचिव श्री मइयादीन पटेल व वर्तमान जिला सचिव श्री सुरेश प्रसाद सिंह जी ने किया। इस अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० सनत कुमार द्विवेदी, संयोजक प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह एवं सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक (स्काउट) श्री शिव प्रताप सिंह पाल, प्रधानाचार्य डॉ० राजीव पाठक व शिक्षकगण श्री शिवशंकर चौधरी, श्री राकेश प्रताप सिंह, श्री सूर्यभान सिंह, श्री सीताराम सिंह, श्री शारदा प्रसाद गुप्ता, श्री भैरो प्रसाद, श्री रुद्रनारायान पांडेय तथा रैली को संपन्न कराने में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री प्रेमचंद्र सिंह, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती सहनाज बानो, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री मोहनलाल दीन , जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) श्रीमती आराधना सिंह, श्री हरिहरनाथ सिंह, रोवर लीडर रामदयाल, ललित कुमार, आशीष साहू व आईटीसमन्वयक जानकी शरण ने अपनी अहम भूमिका निभाई। एवं इसी क्रम में 07 नवम्बर 2023 को भारत स्काउट और गाइड का 74वां स्थापना दिवस समारोह भी बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस बैज लगाकर एवं जागरूकता रैली निकाल कर मनाया गया। जिसमें जिले का सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।






## मण्डल – बरेली

### जनपद – बरेली



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था बरेली के तत्वाधान में जनपदीय स्काउटर्स एवं गाइडर्स संगोष्ठी का आयोजन विशप मण्डल इंटर कॉलेज बरेली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवकी सिंह जी जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत जिला मुख्य आयुक्त डॉ० हरिओम मिश्रा जी एवं संगोष्ठी संयोजक श्री जगमोहन सिंह जी द्वारा स्कार्फ व बैच लगाकर किया गया। संगोष्ठी में स्काउट/गाइड को पंजीकरण, नवीनीकरण, जनपदीय रैली एवं सर्वोत्तम कैडेट रैली, बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता, योग्यता आधारित वयस्क प्रशिक्षण, स्काउट गाइड प्रगतिशील प्रशिक्षण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। संगोष्ठी में स्काउट वर्ग में 31 एवं गाइड वर्ग



में 35 विद्यालयों के स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कुसुमलता राजपूत उपाध्यक्ष डॉ० एस०पी० पांडेय, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री हरी लाल शर्मा, श्री सुनील कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे| व कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती जमनावती जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड), श्री अरविंद कुमार, श्री चित्रसेन, श्री अर्पण आर्य आदि का पूर्ण सहयोग रहा।संगोष्ठी का संचालन डॉक्टर पुष्पकांत शर्मा जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) द्वारा किया गया।

### जनपद – शाहजहाँपुर

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र०, जिला शाहजहांपुर में दो दिवसीय जनपदीय स्काउट-गाइड एवं सर्वोत्तम कैडेट रैली का आयोजन स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के मैदान में 15 दिसम्बर 2023 को शुरू किया गया| रैली का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट डॉ० वेद प्रकाश मिश्र ने माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया| इसके बाद उन्होंने संगठन का ध्वज फहराकर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की। कलर पार्टी ने अतिथियों का स्वागत किया इसके बाद ईश प्रार्थना और





झंडा गीत प्रस्तुत किया गया| रैली में बेसिक और माध्यमिक कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) नेहा कटियार, उपाध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मिहिर फिलिप्स, प्रशिक्षक करुण कुमार पाण्डेय, निकहत परवीन, दर्पिंदर कौर, सुनील कुमार सक्सेना, डॉ० सरिता गुप्ता, आशा किरण यदुवंशी, डॉ० के०के० शुक्ला, दिनेश गंगवार, मगरे लाल, अजय वर्मा, विश्राम सिंह, बृजेश वर्मा, गौरव पाण्डेय, पूनम रानी, विमला वर्मा, रामपाल सिंह समेत कई प्रधानाचार्य और शिक्षक उपस्थित रहे।

### जनपद – पीलीभीत

भारत स्काउट और गाइड की 74 वीं वर्षगांठ को दिनांक 7 नम्बर 2023 को स्काउट भवन पीलीभीत पर बड़े धूम धाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम स्काउट गाइड द्वारा स्काउट भवन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की साफ-सफ़ाई व उसके उपरान्त ध्वज शिष्टाचार किया गया| साथ ही स्काउट के जन्मदाता लॉर्ड बेड़ेन पावेल के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया गया| तथा स्काउट गाइड की टीमों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों, प्रधानाचार्य और स्काउट गाइड के जुड़े सदस्यों को स्थापना दिवस टिकट भेट किया गया। जिसमें सर्वप्रथम

जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, उप पुलिस अधीक्षक, सी०ओ० सदर, सी०ओ० सिटी, जिला पूर्ति अधिकारी व समस्त थानों के प्रभारी सहित प्रधानाचार्य आदि को टिकट भेट कर स्थापना दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे, जिला स्काउट मास्टर बेसिक वीर सिंह गंगवार, ब्लाक स्काउट मास्टर अजय पाल शर्मा, जिला समन्वयक अभिषेक प्रजापति, ट्रेनिंग काउंसलर मनोज राना, योगेश मौर्य, सृष्टि पाठक, प्रशिक्षक श्रुति शर्मा, मानसी, धर्मादित्य, अनामिका धर आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## मण्डल – आगरा

### जनपद – आगरा



भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जनपद आगरा के तत्वाधान में दिनांक 17 दिसम्बर 2023 को राधा बल्लभ इंटर कॉलेज शाहगंज, आगरा में बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता में कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड व रोवर/रेंजर सहित कुल 718 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) डॉ० राजेश कुमार मिश्रा, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) आगरा मंडल कुमारी प्रीति तथा जनपद आगरा के जिला मुख्यायुक्त डॉ० अनिल वशिष्ठ, कार्यालय प्रमुख डॉ० शमा गुप्ता, जिला सचिव रेनू भारद्वाज, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) महेश कुमार सैनी, संयुक्त सचिव विशाल कुमार तथा रोवर्स एवं जिला संस्था के सभी पदाधिकारी व यूनिट लीडर्स द्वारा इस परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।



### जनपद – मथुरा

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मथुरा द्वारा श्री राधा माधव इंटर कॉलेज सातोहा, मथुरा में 18 नवंबर 2023 को डॉ० कमल कौशिक (जिला मुख्यायुक्त) जी के नेतृत्व में बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुक्त (स्काउट) श्री निखिल अग्रवाल द्वारा किया गया और उन्होंने सभी बच्चों को प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी, साथ में जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री मनोज कुमार शर्मा ने



जानकारी देते हुए बच्चों को बताया कि किस प्रकार से पेपर को हल करना है। कार्यक्रम में श्री दयाशंकर शर्मा लीडर ट्रेनर (स्काउट), श्री कन्हैया शर्मा जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), राकेश पचौरी (स्काउट मास्टर), बृजलता राजपूत जिला संगठन आयुक्त (गाइड), गुरु प्यारी सत्संगी, पंकज कुमार, अनीता मुद्गल, गुंजन चौबे, अमन चौधरी, कल्पना सिंह, नीलम पचौरी, टीकम चौधरी आदि मौजूद रहे, कार्यक्रम में विशेष सहयोग श्री राधा माधव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री कैलाश पचौरी जी का रहा।

## मण्डल – मेरठ

### जनपद – मेरठ

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मेरठ के तत्वाधान में 12 अक्टूबर 2023 को जिला मुख्यायुक्त श्रीमती रेखा शर्मा के निर्देशन में स्काउट भवन पर प्रादेशिक स्तर पर सर्वोत्तम जनपद जंबूरी, बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्काउट गाइड के विद्यालयों के स्काउटर गाइडर व संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित करने हेतु एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डॉ० महेंद्र सिंह त्यागी सहायक प्रादेशिक आयुक्त, श्री मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ मंडल, श्रीमती सरला चौधरी उपाध्यक्ष मेरठ, श्री सुशील कुमार शर्मा स्काउट आयुक्त, डॉ० अंशु श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष, श्री सुशील सिंह, अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद मेरठ एवं गण माननीय कार्यकारणी सदस्य संबंधित विद्यालयों व महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को श्रेष्ठतम कार्यों के लिए और स्काउट/गाइड, रोवर /रेंजर को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया । उपरोक्त कार्यक्रम में कब बुलबुल एवं रेंजर रोवर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ० गौरव पाठक जिला सचिव मेरठ ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया साथ ही संस्था में कार्यरत समस्त स्टाफ ने सभी कार्यों को पूर्ण करने में अपना योगदान दिया।



### जनपद – गाजियाबाद

जिला संस्था गाजियाबाद के तत्वधान में 9 से 10 नवम्बर 2023 दो दिवसीय "एक दिया सैनिकों के नाम" रैली का आयोजन किया गया| रैली 09 नवम्बर को मोदीनगर में, मोदी साइंस इंटर कॉलेज से शुरू हुई फिर मोदी मंदिर से होते हुए राज चौपला से वापस आकर पुनः मोदी साइंस इंटर कॉलेज पर खत्म हुई | जहां पर स्काउट्स और गाइड्स ने लोगों को यह संदेश दिया कि अपने कीमती समय में से 05 मिनट का समय निकाल कर एक दीया सैनिकों के नाम जरूर जलाएं जो हमारे लिए बॉर्डर पर हमारी सुरक्षा के लिए खड़े व सदैव तैनात रहते हैं | इस रैली में गाजियाबाद जिले के 200



स्काउट गाइड तथा रोवर रेंजर ने प्रतिभाग किया| व दूसरे दिन 10 नवम्बर को रैली गाज़ियाबाद में शम्भू धवन इन्टर कॉलेज से शहीद चौक नवयुग मार्केट तक निकाली गयी| जिसमें गाज़ियाबाद के 250 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया । रैली का शुभारंभ जिला मुख्यायुक्त श्री देवेंद्र कुमार, जिला सचिव श्री सतीश चंद्र अग्रवाल, जिला आयुक्त (गाइड) हेमलता राजपूत ने किया| रैली का आयोजन जिला संगठन आयुक्त (गाइड) रिंकू तोमर और जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री श्याम सिंह जी ने किया| रैली में ट्रेनिंग काउंसलर आदि उपस्थित रहे

### जनपद – हापुड़

भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जनपद संस्था हापुड़ के द्वारा राज्य पुरस्कार प्रमाणपत्र वितरण समारोह भव्यता से आयोजित किया गया| इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक मेरठ मण्डल श्री ज्योति प्रसाद, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल श्री मयंक शर्मा, जिला मुख्यायुक्त डॉ० सुबोध कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे। 07 नवंबर स्थापना दिवस के अवसर पर जिला सचिव श्री रामवीर सिंह पुंडीर जी एवं जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती पारुल त्यागी ने जिला विद्यालय निरीक्षक श्री पी०के० उपाध्याय को स्थापना दिवस के अवसर पर स्टिकर लगाया तथा श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड में इस अवसर पर एक सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया| जिसमें जिला संगठन आयुक्त श्री प्रकाश शर्मा, नीता कौशिक, स्काउट/गाइड तथा रोवर/रेंजर ने प्रतिभाग किया।



## मण्डल – मुरादाबाद

### जनपद – मुरादाबाद

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश जिला संस्था मुरादाबाद के एस०एस० इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच तीन दिवसीय जिला स्तरीय सर्वोत्तम स्काउट गाइड कैडेट रैली का आयोजन किया गया। और प्रतियोगिता में टीम के अलावा सर्वोत्तम कैडेट का चयन किया गया। चयनित कैडेट राज्य स्तर पर लखनऊ में प्रतिभाग करेंगे। इस बार जनपद से 49 टीमों ने प्रतिभाग किया है। इसमें 11 टीमें बेसिक शिक्षा विभाग की और 38 टीमें माध्यमिक शिक्षा विभाग की हैं। 20 दिसंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता का प्रारंभ सभी अतिथियों के स्वागत के साथ वंदना और झंडा गीत के साथ हुआ। विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, गरबा, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० अरुण कुमार दुबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने मार्च पास्ट की सलामी ली। मानवेंद्र सिंह ने स्काउट गाइड को अनुशासित जीवन जीने का मंत्र दिया।





### जनपद – बिजनौर



भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र० जनपद बिजनौर में जनपद में 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2023 तक के०एम० इण्टर कालेज धामपुर में रैली सम्पन्न कराई। जनपदीय रैली में 46 यूनिटस, सर्वोत्तम कैडेट रैली में 149 कैडेट का पंजीकरण हुआ है। रैली में उपजिलाधिकारी, जिला मुख्यायुक्त श्री रामाज्ञा कुमार, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री धर्म वीर सिंह, आयुक्त एडल्ट रिसोर्स (स्काउट) डॉ० निशान्त कुमार यादव, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती डॉ० निर्मला शर्मा, आयुक्त एडल्ट रिसोर्स (गाइड) श्रीमती पवन देवी, जिला सचिव श्री कैलास चन्द, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त ने प्रशिक्षण में सहयोग किया।





## मण्डल – अयोध्या

### जनपद – अम्बेडकरनगर

जिला संस्था अंबेडकर नगर के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त तारा वर्मा के निर्देशन एवं तक्षशिला अकादमी (रूट्स) के कब मास्टर बादल विश्वकर्मा के नेतृत्व में जनपद अंबेडकर नगर में आयोजित अंबेडकर नगर महोत्सव में तक्षशिला अकादमी (रूट्स) के कब बुलबुल द्वारा मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया| जिसमें नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में तक्षशिला प्रथम स्थान प्राप्त किया| इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्या वर्षा नागवानी व जिला आईटी समन्वयक मो० आरिफ खान ने बधाई दी।



## मण्डल – अलीगढ़

### जनपद – अलीगढ़

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० जनपद अलीगढ़ में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के तत्वाधान में अलीगढ़ मंडल के सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों का 7 दिवसीय बेसिक रोवर लीडर/रेंजर्स लीडर कोर्स, जामिया उर्दू कालेज ऑफ एजुकेशन अलीगढ़ के प्रांगण में दिनांक 14 दिसम्बर 2023 से शुरू हुआ। शिविर का कुशल संचालन राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक प्रदीप गुप्ता (लीडर ट्रेनर रोवर), ऊषा कुशवाहा(लीडर ट्रेनर रेंजर), सुश्री कविता पाण्डेय सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, अरुण कुमार तथा अमित उपाध्याय द्वारा संपन्न हुआ। इन प्रशिक्षकों ने शिविर के चतुर्थ दिवस पर राष्ट्र ध्वज, स्काउट ध्वज, विश्व स्काउट, ध्वजविश्व गाइड ध्वज, हाइकिंग पर जाने के लिए आवश्यक चीजें, यूनिट लीडर का प्रगतिशील प्रशिक्षण की जानकारी, सामुदायिक विकास कार्यक्रम की जानकारी, संगठन के स्वरुप की जानकारी, किम गेम, एक्शन सांग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रो० अंजना कुमारी समन्वयक रोवर्स/रेंजर्स डॉ० रवेन्द्र राजपूत (जिला आयुक्त रोवर्स) तथा डॉ० एम०एस० खान प्राचार्य, जामिया उर्दू कालेज एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों से आए शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## मण्डल – कानपुर

### जनपद – कानपुर

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की तरफ से दिनांक 18 दिसम्बर 2023 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर का सम्बद्धता प्रमाण सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मंडल श्रीमती प्रज्ञा सिंह और यूनिवर्सिटी के नोडल अधिकारी सत्य नारायण मिश्रा जी के द्वारा कुलसचिव महोदय को प्रदान किया गया। इस संबंध में कुल सचिव ने कहा कि अब रोवर रेंजर गतिविधियों को विश्वविद्यालय एक जिला के रूप में गठन होने के उपरांत विधिवत रूप से संचालित किया जाएगा।



### जनपद – औरैया

भारत स्काउट और गाइड उ०प्र० जनपद औरैया के तत्वाधान में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा प्रकाश एवं अपर जिलाधिकारी/जिला मुख्यायुक्त श्री महेन्द्र पाल सिंह जी के निर्देशन में अक्टूबर माह में बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन शिविर 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक तिलक स्टेडियम औरैया में आयोजित किया गया| जिसका निरीक्षण जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा समय समय पर किया गया।19 सितम्बर से 21 सितम्बर 2023 की अवधि में नगर पालिका इ० का० औरैया में त्रिदिवसीय प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका निरीक्षण जिला आयुक्त स्काउट श्री सुनील मिश्रा जी तथा जिला आयुक्त एडल्ड रिसोर्स श्री मोहित कृष्ण वर्मा ने किया।






## मण्डल – देवीपाटन


### जनपद – श्रावस्ती

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था श्रावस्ती के तत्वाधान में जिला मुख्यायुक्त डॉ० भूदेश्वर पाण्डेय, जिला आयुक्त (स्काउट) श्री पवन कुमार सिंह बौद्ध, जिला आयुक्त (गाइड) श्रीमती भावना तेवतिया, जिला सचिव डॉ० प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष श्री मुन्ना लाल यादव जी के निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री रोहित पाण्डेय के उपस्थिति में कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर सीताद्वार मेला में जगतजीत इण्टर कॉलेज इकौना, श्री जानकी प्रसाद आदर्श इण्टर कॉलेज कैलाशपुर इकौना के 50 वालेंटियर स्काउट गाइड के बच्चों ने मेले में प्राथमिक चिकित्सा, खोया पाया, आपदा प्रबंधन का सेवा कार्य किया| जिसमें श्री हनुमान प्रसाद, रवि प्रताप, घनश्याम यादव,आलोक शर्मा, अमर सिंह, हर्षित कश्यप, अमित शर्मा, बुधराम, रवि शेखर, हरिकेश, अबरार, आदर्श, शुभम यादव, रंजीत आदि लोगों ने सेवा कार्य किया।



## OUR WEBSITE www.bsgup.org

This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here.... Please Visit & Share Our Website



# स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी

# BSG ज्ञान विवज़

For : Cub / Bulbul
Scout / Guide
Rover / Ranger

## कब/बुलबुल :-

**प्रश्न 01 – शोल्डर बैज की माप क्या होती है?**
(A) 6 cm लम्बे व 1.5 cm चौड़े (B) 5 cm लम्बे व 1.5 cm चौड़े
(C) 4 cm लम्बे व 1.5 cm चौड़े (D) 6 cm लम्बे व 2.5 cm चौड़े

**प्रश्न 02 - कब की टोपी पर किस रंग की पाइपिंग लगी होती है ?**
(A) नीली (B) लाल (C) पीली (D) हरी

**प्रश्न 03 - कब/बुलबुल का सर्वोच्च पदक होता है ?**
(A) राष्ट्रपति एवार्ड (B) राज्य पुरस्कार
(C) गोल्डन एरो (D) प्रधानमंत्री शील्ड

**प्रश्न 04 - कब मास्टर को और किस नाम से जानते है ?**
(A) लीड (B) कबिंग मास्टर (C) गुरू (D) अकेला

**प्रश्न 05 - कब/बुलबुल के कितने नियम होते है?**
(A) 09 (B) 02 (C) 01 (D) 03

**प्रश्न 06 – जंगल कहानियों में से पहली कहानी है ?**
(A) मोगली का जन्म (B) मोगली और शेर खां
(C) मोगली का पैक में प्रवेश (D) कोई नहीं

**प्रश्न 07 – मोगली की कहानी में सीवनी इलाके का जंगल किस नदी के किनारे था ?**
(A) गंगा नदी (B) सीवनी नदी (C) बेनगंगा नदी (D) इन्डस नदी

**प्रश्न 08 – जंगल में जंगली जानवरों के अतिरिक्त बस्ती बनाकर रहते थे ?**
(A) शिकारी (B) लकडहारे (C) कबीले (D) कोई नहीं

**प्रश्न 09 - शेर खां की इच्छा किसका मांस खाने की थी ?**
(A) बालकों की (B) लोमडी की (C) भेड़ियों की (D) गीदड़ की

**प्रश्न 10 – गीदड़ का नाम था ?**
(A) मोगली (B) बघीरा (C) तबाकी (D) भालू

## स्काउट/गाइड :-

**प्रश्न 01 - "एड्स टू स्काउटिंग" पुस्तक का प्रकाशन हुआ ?**
(A) 1884 (B) 1889 (C) 1907 (D) 1890

**प्रश्न 02 – प्रथम विश्व जम्बूरी कब हुई ?**
(A) 01-07 अगस्त 1920 (B) 05-11 सितम्बर 1908
(C) 07-14 नवम्बर 1911 (D) 05-11 जनवरी 1917

**प्रश्न 03 – गर्ल गाइड्स का प्रथम कैम्प कहाँ आयोजित हुआ ?**
(A) ब्राऊँसीद्वीप (इंगलैंड) (B) बुडापेस्ट (हंगरी)
(C) फाक्सलीज (इंगलैंड) (D) क्रिस्टलपैलेस (इंगलैंड)

**प्रश्न 04 – लार्ड बेडेन पावेल की पुत्री का नाम क्या था ?**
(A) मिसएग्रेस (B) मिसपावेल (C) मिसओलेव (D) मिसहीथर

**प्रश्न 05 – अशांति जनजाति (अफ्रीका) के मुखिया का नाम था?**
(A) प्रेमपेह (B) जुलू (C) साफ्टली (D) काओब्वाय

**प्रश्न 06 – भारत में स्काउटिंग का प्रारम्भ कब हुआ था ?**
(A) 1907 (B) 1909 (C) 1908 (D) 1911

**प्रश्न 07 – 1914 में पंडित श्री राम बाजपेयी के शाहजहांपुर में कौन सी संस्था प्रारम्भ की?**
(A) लोक सेवा समिति (B) स्वयं सेवक दल
(C) भारत स्काउट दल (D) लोक सेवा बालक दल

**प्रश्न 08 – प्रथम भारतीय स्काउट रैली कब और कहाँ हुई ?**
(A) 1 Oct. 1916 (उडयार) (B) 7 Nov. 1920 (चेन्नई)
(C) 7 Nov.1918 (कोलकाता) (D) 1 Oct. 1916 (मदुरई)

**प्रश्न 09 – भारत स्काउट और गाइड के प्रथम राष्ट्रीय आयुक्त कौन हैं?**
(A) पं. श्री राम बाजपेयी (B) डॉ. हृदयनाथ कुंजरू
(C) पं. मदनमोहन मालवीय (D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**प्रश्न 10 –भारत में राष्ट्रपति को स्काउट आंदोलन का मुख्य संरक्षक कब बनाया गया ?**
(A) 12 नवम्बर 1960 (B) 22 फरवरी 1951
(C) 07 नवम्बर 1950 (D) 26 जनवरी 1950

## रोवर/रेंजर :-

**प्रश्न 01 - "रोवर स्काउट" शब्द का अर्थ है?**
(A) सच्छा आदमी और फौजी अधिकारी (B) सच्चा आदमी और अच्छा नागरिक
(C) रोवरलीडर (D) स्वस्थ्य युवा

**प्रश्न 02 – रोवर के दल को क्या कहते है ?**
(A) रोवर क्रू (B) रोवर टीम (C) रोवर दल (D) रोवर स्काउट

**प्रश्न 03 - बेडेन पावेल के विद्यालय के हेड मास्टर का नाम क्या था?**
(A) रुपयार्ड कैपलिंग (B) कुडू हार्न (C) डॉ. हेग ब्राउन (D) हरबर्ट जार्ज

**प्रश्न 04 - लार्ड बी.पी. को स्कूल में और किस नाम से पुकारते थे?**
(A) बेदिंग टावल (B) पेशन्स (C) स्टी (D) बीटल

**प्रश्न 05 – लार्ड बी.पी. को सेना में प्रथम नियुक्ति कहाँ मिली ?**
(A) दक्षिणीअफ्रीका (B) ब्रिटेन (C) कोलकत्ता (D) लखनऊ

**प्रश्न 06 – बी.पी. ने सूकराखेट में कौन सा कप जीता था?**
(A) पिग स्टिकिंग (B) नायाबकादिर
(C) सर्व भारतीय ट्राफी कप (D) जंगल कप

**प्रश्न 07 – लार्ड बी.पी. के कुत्ते का क्या नाम था?**
(A) पेशन्स (B) टाइगर (C) बीटल (D) टॉमी

**प्रश्न 08 – लार्ड बी.पी.ने जुलस का हार किस वर्ष पाया ?**
(A) 1887 (B)1890 (C) 1888 (D) 1897

**प्रश्न 09 - लार्ड बी.पी.ने बायां हाथ मिलाना किससे सीखा?**
(A) दिनी जुलू (B) नाइट्स (C) प्रम्प्रेह (D) फौज से

**प्रश्न 10 – लार्ड बेडेन पावेल के पुत्र का नाम था?**
(A) हीथर बेडेन पावेल (B) एडवर्ड पावेल
(C) सेंट क्लेयर (D) आर्थर राबर्ट

उक्त प्रश्नों के उत्तर पृष्ठ संख्या 35 पर देख सकते है।

## आपके पत्र ........

महोदय,

आपके द्वारा "तेजल" त्रैमासिक पत्रिका का सम्पादन कुशलता पूर्वक एवं सफलतापूर्वक किया जा रहा है | पूरी टीम को बधाइयाँ !

मै आपकी पत्रिका का नियमित पाठक हूँ | पत्रिका के माध्यम से भारत स्काउट और गाइड की गतिविधियों एवं प्रगति की पूर्ण सूचना प्राप्त होती रहती है | समय-समय पर पाठको को अपने विचार आप तक पहुचानें के लिए "तेजल" एक सशक्त माध्यम है | जिससे पाठकगण सीधे संस्था के माध्यम से जुड़कर संस्था के प्रगतिशील क्रिया कलापों में अपना योगदान दे सकते हैं | संस्था की उपलब्धियों को अपने विचारो के माध्यम से सहभागी बनकर गौरवान्वित महसूस करेंगे | मा० प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय डॉ० प्रभात कुमार जी के कुशल नेतृत्व में संस्था की प्रगति गर्व की अनुभति कराती है |



**प्रत्युष रतन पाण्डेय**
ए०एल०टी०(स्काउट)
माण्टफोर्ट स्काउट दल, महानगर, लखनऊ

सेवा में,
सम्पादक
"तेजल" त्रैमासिक पत्रिका
भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश |

प्रिय पाठक,

आप सभी पाठको को सूचित किया जाता है कि "तेजल" पत्रिका के इस विशेषांक से पत्रिका में "आपके पत्र" का एक पेज बनाया गया है, जिसमे आपके द्वारा पत्रिका से सम्बंधित सुझाव एवं विचार को पत्रिका में प्रकाशित किया जायेगा | इसके लिए आप पत्रिका की ई मेल – itbsgup@gmail.com विषय – "आपके पत्र" लिख कर प्रेषित कर सकते है |

हमें आशा है कि आपके सुझाव पत्रिका को और भी रोचक बनायेंगे |

धन्यवाद !

- सम्पादक

# विज्ञापन







**PLEASE SUBSCRIBE BSGUP OFFICIAL YOUTUBE CHANNEL**



**उत्तर माला : स्काउट/गाइड प्रश्नोत्तरी**

कब/बुलबुल – 1-A, 2-C, 3-C, 4-D, 5-B, 6-C, 7-C, 8-B, 9-A, 10-C
स्काउट/गाइड – 1-B, 2-A, 3-C, 4-D, 5-A, 6-B, 7-D, 8-A, 9-B, 10-A
रोवर/रेन्जर – 1-B, 2-A, 3-C, 4-A, 5-D, 6-B, 7-C, 8-C, 9-C, 10-D

# Glimpses of Various Activities



# Glimpses of activates



## OUR SOCIAL ACCOUNTS




This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….

**Please Visit & Share Our Website**

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup/



Share & Subscribe our Youtube Channel
BSGUP Official

BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH
State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow
Email : upscoutsguides@yahoo.com
For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,